प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## प्रौद्योगिक महाविद्यालय एवं छात्रावासों में वृक्षारोपण कार्यक्रम

पन्तनगर। 21 जुलाई 2023। विश्वविद्यालय में मनाये जा रहे हरेला सप्ताह तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा व्यापक वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत प्रौद्योगिक महाविद्यालय के दोनों परिसरों एवं समस्त छात्रावासों में दिनांक 20 एवं 21 जुलाई, 2023 को व्यापक रूप से वृक्षारोपण किया गया। सभी सातों छात्रावासों एवं महाविद्यालय परिसर को मिला कर विभिन्न प्रजातियों के लगभग 100 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता, प्रौद्योगिक महाविद्यालय डा. अलकनन्दा अशोक एवं महाविद्यालय के विभागाध्यक्षों डा. लोकेश वार्ष्णेय, डा. ए.के. स्वामी, डा. संजय माथुर, डा. अजय और वरिष्ठ संकाय सदस्यों डा. आर.पी.एस. गंगवार, डा. एच.एल. मंडोरिया, डा. राजीव सिंह, डा. पी.के. सिंह, डा. अरबिन्द सिंह तोमर, डा. विनोद कुमार आदि थे। छात्रावासों में सभी छात्रावास अभिरक्षक, सहायक छात्रावास अभिरक्षक एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। वृक्षारोपण में अस्केशिया, नीम, हरसिंगार, अशोक, कपूर, नीम, आम, शमी आदि के वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण का कार्यक्रम इस पूरे सप्ताह किया जाना है।



*कार्यक्रम में वृक्षारोपण करती अधिष्ठाता प्रौद्योगिक महाविद्यालय, डा. अलकनन्दा अशोक।*




*छात्रावास में वृक्षारोपण करती अधिष्ठाता प्रौद्योगिक महाविद्यालय, डा. अलकनन्दा अशोक।*

**निदेशक संचार**